आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 08.11.2024 समय: 2.10 PM

सतर्कता जागरुकता सप्ताह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग-सी.वी.सी. के सतर्कता जागरुकता सप्ताह समारोह को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार विकास के मार्ग में एक बड़ी बाधा है.

गौरतलब है कि प्रति वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती वाले सप्ताह को सतर्कता जागरुकता सप्ताह के रूप मनाया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक किया गया। इसका विषय था- सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि।

निर्वाचन आयोग सलाह

निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है। रांची में इन दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से झूठे वादे कर उन्हें गुमराह करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने चुनावी सभाओं के दौरान व्यक्तिगत हमले से बचने की भी सलाह दी।

छठ पूजा

चार दिवसीय छठ पूजा समारोह आज सुबह देश के विभिन्न हिस्सों में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया।

इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने विभिन्न नदियों के तटों पर सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य दिया। इसके अलावा, लोगों ने झीलों, जलाशयों और अस्थायी रूप से छतों पर जल संग्रह कर छठ पूजा मनाई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पूजा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने अपनी शुभकामनाओं में इसे सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया है.

विशेष रेलगाडिया

भारतीय रेल छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 500 से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। रेलवे बोर्ड ने बताया कि आज से लौटने वाले यात्रियों के लिए समस्तीपुर, दानापुर और अन्य रेल मंडलों से अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे आज 164 विशेष गाडियां चला रहा है। जबकि कल 160, 10 नवंबर को 161 और 11 नवंबर को 155 विशेष गाडियां संचालित की जाएंगी।

टी20 क्रिकेट- भारत-दक्षिण अफ्रीका दिन

क्रिकेट में, आज डरबन के किंग्समीड में चार मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा। सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे जबकि एडेन मार्कराम दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी करेंगे। भारत अभी आईसीसी पुरुष टी20 टीम रैंकिंग में शीर्ष पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका छठे स्थान पर है।

मौसम

नवंबर के पहले हफ्ते के बाद भी प्रदेश में ठंड ने का असर नजर नहीं आ रहा है । भोपाल सहित अधिकतर शहरों में दिन अभी भी गर्म हैं. हालाँकि प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। पचमढ़ी प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान है। यहां दिन और रात दोनों ही सर्द हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 15 नवंबर के बाद प्रदेश में ठंड का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार, कई शहरों में रात का तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

समाचार संक्षेप में

1. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत तीन दिन के प्रवास पर जबलपुर में हैं। इस दौरान शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन को लेकर मंथन होगा।

2. आगरमालवा में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर कैंसर के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली निकाली ।

3. शिवपुरी जिले में डेंगू व मलेरिया के बढ़ते पॉजिटिव केसों को देखते हुए जिला प्रशासन ने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

4. खरगोन जिले के मण्डलेश्वर थाने के गुलावद गांव में स्कूल में सेल्फी लेने से रोकने पर एक आदिवासी छात्र ने कल पापुलर टूरिस्ट प्लेस जाम गेट से कूद कर आत्महत्या कर ली।